प्रेसनोट दिनांक-12.07.2025

सराहनीय कार्य

अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से 03 तमंचा 315 बोर, 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 स्विफ्ट कार की गयी बरामद ।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में इटावा पुलिस थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही ।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 11.07.2025 की रात्रि को थाना ऊसराहार पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत ताखा अंडरपास पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि एक स्विफ्ट कार जिसमें तीन व्यक्ति सवार है, जिनके पास अवैध असलाह है। जो वैवाह की ओर से ताखा की ओर आ रहे है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर 03 व्यक्तियों को अटिया तिराहे से स्विफ्ट कार सहित गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी उनके कब्जे से 03 तमंचे 315 बोर, 03 जिन्दा कारतूस बरामद किये गये।

बरामद उक्त स्विफ्ट कार को अन्तर्गत एमवी एक्ट की धारा 207 में सीज किया गया ।

उक्त गिरफ्तारी, बरामदगी के संबंध में थाना ऊसराहार पर मु0अ0सं0 127/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1. राजू उर्फ संजू पुत्र जगदीश दिवाकर निवासी बिल्टीघर थाना मक्खनपुर जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 24 वर्ष।

2. बंटी उर्फ सोनवीर पुत्र जगदीश निवासी मोहल्ला हिमांऊपुर की पुलिया थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 32 वर्ष।

3. गौरव उर्फ रवि पुत्र जगदीश निवासी मोहल्ला हिमांऊपुर की पुलिया थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 24 वर्ष।

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 127/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना ऊसराहार जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 03 तमंचा 315 बोर।

2. 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

3. 01 स्विफ्ट कार।

पुलिस टीमः- निरीक्षक श्री बलराम मिश्रा प्रभारी थाना ऊसराहार मय टीम।